OIDO

आप्रवासन नज़रबंदी लोकपाल का कार्यालय

मदद चाहिए?

आप्रवासन नजरबंदी लोकपाल का कार्यालय (OIDO) एक स्वतंत्र और तटस्थ कार्यालय है—जो ICE और CBP से अलग है—जो अमेरिकी आप्रवासन हिरासत और नज़रबंदी में रखे गये सभी व्यक्तियों के लिए मानवीय व्यवहार और रहने की सुरक्षित स्थितियों के लिए प्रतिबद्ध है।

अगर आप्रवासन नज़रबंदी में रहते हुए आपने खराब व्यवहार या स्थितियों का सामना किया है, तो OIDO इसके बारे में जानना चाहेगा। आप किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट कर सकते हैं—जैसे कि दुर्व्यवहार, अपर्याप्त भोजन या चिकित्सा उपचार, या रहने की खराब या असुरक्षित स्थितियाँ। आप OIDO से किसी अन्य खराब स्थितियों या नीतियों या मानकों के संदिग्ध उ ंघनों के बारे के बारे में भी बात कर सकते हैं।

शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार

अपर्याप्त भोजन या चिकित्सा उपचार

रहने की खराब या असुरक्षित स्थितियाँ

OIDO के पास दायर की गई शिकायतें गोपनीय होती हैं, और केस मैनेजर आपकी सहमति के बिना आपके केस के बारे में कोई भी जानकारी प्रकट नहीं करेंगे। किसी OIDO केस मैनेजर से बात करने या शिकायत दर्ज करने से आपके आप्रवासन केस या नजरबंदी की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

OIDO प्रशिक्षित केस मैनेजरों, निरीक्षकों और लेखा परीक्षकों को नियुक्त करता है जो शिकायतों का समाधान करने और सभी बंदियों के लिए स्थितियों में सुधार करने के लिए काम करते हैं।

शिकायत फॉर्म सबमिट करने के लिए dhs.gov/OIDO पर जाएँ। निर्देशों के लिए कोड स्कैन करें।

OIDO अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी (अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग) (DHS) के भीतर एक स्वतंत्र कार्यालय है।

www.dhs.gov/OIDO

Hindi